## Need to set up an AIIMS Screening Centre in North-East Delhi

श्री मनोज तिवारी **(**उत्तर-पूर्व दिल्ली**) :** माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर-पूर्व दिल्ली की घनी आबादी की स्वास्थ्य सेवाओं में कमी की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ ।

हमारा लोक सभा क्षेत्र एशिया का सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला क्षेत्र है । इस क्षेत्र के लिए मैं एम्स नहीं माँग रहा हूँ, बल्कि मैं वहाँ के लिए एक एम्स स्क्रीनिंग सेन्टर की माँग करना चाहता हूँ । वर्तमान में, दिल्ली सरकार की जो बदहाल व्यवस्था है, उसके भरोसे हम अपने क्षेत्र के लाखों नागरिकों को नहीं छोड़ सकते हैं । दिल्ली में तो आयुष्मान योजना भी नहीं लागू है । बुज़ुर्गों को जो 5 लाख रुपए की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं, उस पर भी दिल्ली की सरकार इस तरह से बैठी है कि बुज़ुर्ग लोग और अन्य गरीब लोग तड़प रहे हैं ।

मौजूदा एम्स हमारे क्षेत्र से थोड़ा दूर है । स्थानीय लोग बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं । कई बार गम्भीर मरीज समय पर एम्स नहीं पहुँच पाते हैं, जिससे वे अपनी जान गवाँ बैठते हैं । दिल्ली के एम्स में पहले से ही भारी भीड़ है, इसके कारण एम्स प्रशासन पर भी बहुत जोर पड़ता है । अगर हमारे संसदीय क्षेत्र में एम्स स्क्रीनिंग सेन्टर बनेगा तो इससे केवल हमारे क्षेत्र को ही लाभ नहीं मिलेगा, बल्कि इससे उत्तर-पूर्वी दिल्ली के अलावा उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नागरिकों को भी स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा मिलेगी । इस उद्देश्य के लिए, आवश्यक भूमि दिल्ली विकास प्राधिकरण के पास चिह्नित कर दी गई है ।

अत: मैं प्रार्थना करता हूँ कि जिस दिल्ली में आयुष्मान योजना की सुविधाएं रोकी हुई हैं, जिससे आपका भी हृदय तड़प जाएगा, यहाँ बैठा हुआ कोई भी व्यक्ति इसका समर्थन नहीं कर सकता । प्रधानमंत्री जी 5 लाख रुपए की स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं और अब यह सुविधा बुज़ुर्गों के लिए भी दी जा रही है, लेकिन दिल्ली सरकार उसको लागू नहीं कर रही है । इसके लिए हमें कोर्ट जाना पड़ा है ।

ऐसी स्थिति में, हमारे क्षेत्र में एक एम्स स्क्रीनिंग सेन्टर दिया जाए ताकि पहले से ही परेशानी का पता चल जाए कि मरीज को एम्स में भेजना है या कहीं और भेजा जा सकता है । इसके लिए मैं यह माँग रखता हूँ । बहुत-बहुत धन्यवाद ।